न्यायालय, अनुमंडल दण्डाधिकारी, बगोदर–सरिया (गिरिडीह)

वाद संख्या–162/2021 धारा 144 द0प्र0सं0

अर्जून महतो..प्रथम पक्ष

बनाम्

कुंजो महतो वगै0..द्वितीय पक्ष

आदेश

दिनांक 28/x/21 अभिलेख आदेशार्थ प्रस्तुत। यह वाद आवेदक से प्राप्त आवेदन के आधार पर प्रारम्भ किया गया। प्रथम पक्ष के अर्जून महतो बनाम द्वितीय पक्ष के कुँजो महतो वगै0 को प्रश्नगत भूमि पर धारा 144 द0प्र0सं0 की प्रक्रिया प्रारंभ कर उभय पक्षों को प्रश्नगत भूमि पर जाने से रोक लगाई गई साथ ही उभय पक्षों को नोटिस निर्गत कर प्रश्नगत भूमि के दावे के सँमर्थन में कारण पृच्छा की मांग की गई। प्रश्नगत भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :-

मौजा- बिहारो, थाना- बगोदर, जिला- गिरिडीह,

1. खाता नं0-359, प्लॉट नं0-2704, रकवा-16डी0 मध्ये 05 डी0, चौहद्दीः उ0-कच्ची रास्ता, द0-नीज, पू0-नीज, प0-नीज।
2. खाता सं0-359, प्लॉट सं0-2701, रकवा-04 डी0, चौहद्दीः उ0-नीज, द0-सोहर महतो, पू0-छट्टू महतो, प0-महेन्द्र महतो।
3. खाता सं0-506, प्लॉट सं0-2664, रकवा-26 डी0 मध्ये 20 डी0, चौहद्दीः उ0-रामधन महतो, द0-जीबलाल महतो, पू0-भातु महतो, प0-गांगो महतो।
4. खाता सं0-506, प्लॉट सं0-2668, रकवा-31 डी0 मध्ये 08 डी0, चौहद्दीः उ0-धरम गोप, द0-बुधन गोप, पू0-पोखन कुम्हार, प0-जगदीश महतो।
5. खाता सं0-501, प्लॉट सं0-1086, रकवा-11 डी0, चौहद्दीः उ0-महेश्वर प्रसाद, द0-डेगलाल महतो, पू0-सडक, प0-नान्हु महतो।
6. खाता सं0-359, प्लॉट सं0-2706, रकवा-05 डी0, चौहद्दीः उ0-रोड, द0-सोहर महतो, पू0-अर्जुन राणा, प0-छट्टू तुरी।

उभय पक्ष उपस्थित।

अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के अवलोकन करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह मामला भूमि के हक-हकियत से संबंधित है। चुँकि वाद की कार्यवाही धारा 144 द0प्र0सं0 के तहत शांति बनाये रखने के लिए प्रारम्भ हुई, जिसकी अवधि मात्र 60 दिनों की होती है।

अतः काल बाधित होने के कारण वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

लेखापित।

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर-सरिया।

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर-सरिया।

Digitally signed by KUNDAN KUMAR
Date: 2023.01.28 14:04:20 +05:30
Location: 192.168.1.8